## Hindustan Times

# High on contest, low on victory

**Brajendra K Parashar**

bkparashar@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** The electoral success of Muslim candidates in Lok Sabha polls in Uttar Pradesh has shown varying trends since the country's first general elections in 1951-52, with a notable disparity between the increasing participation and relatively stagnant or declining rates of victories over the years.

In the inaugural LS elections in UP, the strike rate among Muslim candidates was significantly high, with 43.75% and 33.33% clinching victory in the first and second elections, respectively.

Subsequent elections witnessed a marked increase in the number of Muslim contestants, mostly independents, yet the number of winners failed to correspondingly rise, remaining confined to single digits in most cases.In the 1991 LS elections, despite a growing number of Muslim candidates (122) vying for seats, only three emerged victorious. The 2014 election, held during the Modi wave, saw no Muslim candidate from UP making it to the Lok Sabha.

An analysis of the Election Commission's historical data based on names of candidates (since the commission doesn't classify candidates by religion) reveals that in the first LS elections, seven of the total 16 Muslim candidates were elected from Uttar Pradesh. The winners, all from the Indian National Congress (INC), included Hifzul Rehman, Abdul Kalam Azad, Shah Nawaz Khan, Bashir Hussain, MA Kazmi, Rafi Mohd Kidwai and Choudhary Haider Hussain.

In the 1957 LS elections in the state, five of the 15 Muslim candidates tasted success, all from the Congress. Notably, Mubarak Mazdoor, an independent candidate from Allahabad LS constituency, received zero votes.

In the 1962 elections, although the number of Muslim contestants grew to 37, the number of winners remained stagnant at five, with four from the Congress and one from the REP.



Six Muslim candidates won the 2019 Lok Sabha polls in U.P. FILE

BARRING FOUR LS ELECTIONS, NUMBER OF MUSLIM WINNERS REMAINED BELOW 10 DESPITE MARKED INCREASE IN CONTESTANTS

The subsequent polls in 1967 saw a similar number of candidates, but the number of winners dropped to four, one each from the Congress, the CPI, the SSP, and the SWA.

By the 1971 elections, the number of Muslim candidates rose to 58, of whom only six won—five from the Congress and one from the CPI. From this point onward, the number of Muslim contestants started increasing dramatically, with the majority being independents. The three elections from 1980 to 1989 witnessed a significant jump in the number of Muslim winners, although the number of candidates also increased dramatically. In 1980, 16 Muslim candidates won, the highest ever, out of the 108 contestants.

In the 1984 and 1989 LS elections, 10 out of 122 and as many as 115 Muslim candidates emerged as winners respectively. FM Khan, an Independent from Balrampur seat in 1989, was possibly the first-ever Muslim to emerge victorious File independent in a Lok Sabha election in UP.

The 1989 elections also marked the Bahujan Samaj Party (BSP)'s entry into the state's electoral battle. The party strategically fielded a dozen Muslim candidates in Muslim-dominated seats, but all of them lost. Six of the 10 winners were from the Janata Dal (JD), two from the Congress and one from the CPM.

Despite the swelling number of Muslim contestants in the 1992 LS elections (158 candidates), the number of winners dropped to a record low of just 3, with a strike rate as low as 1.90%. The winners included two from the JD and one from the Congress.

The 1996 LS elections in the state saw a flood of Muslim contestants, although mostly independents. There were around a record 380 Muslim candidates, the highest ever, trying their luck in the election, with only five managing to secure victory.

It was in this election that both the BSP and the SP were able to get their Muslim candidates elected for the first time. The SP won three seats (Kairana, Moradabad, and Sitapur), while BSP's Illiyas Azmi captured the Shahbad seat, becoming the party's first-ever Muslim candidate to win a Lok Sabha election in UP. Rampur went to the Congress. The next election in 1998 saw a dip in both the number of Muslim candidates and winners to 116 and 4, respectively. This election also witnessed the victory of the BJP's first-ever Muslim candidate in LS polls in the state when party candidate Mukhtar Abbas Naqvi emerged as the winner on Rampur seat, defeating the Congress' Begum Noor Bano. The SP won Moradabad and Budaun, while the BSP secured Azamgarh.

The tally of Muslim candidates improved again in 1999, with eight out of around 120 candidates emerging victorious. The BSP won three seats and SP and Congress two each. The Rashtriya Lok Dal's (RLD) Amir Alam became the party's first Muslim candidate to win in LS polls in the state by securing the Kairana seat.

Muslim representation touched the double-digit figure again in the 2004 LS elections when 10 out of around 120 candidates emerged victorious,

However, the LS election in 2009 witnessed a drastic decrease in the number of Muslim candidates, with only four out of 116 candidates managing to secure victory. The Congress won three seats and the BSP one.

In the 2014 elections, no Muslim candidate was able to win in UP. In the 2019 elections, again dominated by the BJP, six Muslim candidates of the SP and as many from the BSP succeeded in winning their seats.


**Muslim winners in LS polls in UP**

| Election | No |
|---|---|
| 1952 | 07 |
| 1957 | 05 |
| 1962 | 05 |
| 1967 | 04 |
| 1971 | 06 |
| 1980 | 16 |
| 1984 | 10 |
| 1989 | 10 |
| 1991 | 03 |
| 1996 | 05 |
| 1998 | 04 |
| 1999 | 08 |
| 2004 | 10 |
| 2009 | 04 |
| 2014 | 0 |
| 2019 | 06 |

# Times of India

# What first-timers want: Better colleges, job vistas

Siddharth Tiwari & Godhooli Sharma | TNN




**Lucknow:** Vitiated by appeasement tactics, the recently concluded student union elections at his university left 19-year-old Ayush Singh disenchanted with the democratic process of choosing representatives.

Calling college politics a "microcosm of national politics", Ayush says he will step out to cast vote only if political leaders or parties make clear commitments to set up better colleges and provide a workable roadmap for generating high-value employment, not low-end, underpaid jobs.

He said, "I wanted to pursue political science in Lucknow, but lack of good colleges and subpar teaching standards at LU made me look outside. Moreover, there are no good jobs here either. Only if one plans to appear for UPSC or other govt services is there any point in staying there and even for that, Delhi offers better coaching and guidance. I will vote for any leader who promises to turn around this state of affairs in this city."

Young first-time voters are once again in the spotlight, following PM Modi's recent appeal to them, reflecting growing engagement of youth in the democratic process. Since the 2014 general elections in which youth played a rather crucial role in the regime change, first-time voters have become a force to reckon with.

But things have changed over the last decade, say the new voters. With higher education in private colleges becoming dearer and scarcity of good govt colleges, first-time voters—over 49,000 in the city as per recent records of the state election commission—are demand paradigm shift in the political agenda. They seek cessation of the run-of-the-mill gambits of managing electoral arithmetic through inconsequential narratives on emotive issues.

Better colleges, more high-value jobs, improved and equitable living standards, an overall forward-looking pragmatic attitude toward governance systems are core issues first-time voters expect their leaders to address.

Shubhi Pandey, 19, said, "I don't understand the intricacies of political ideologies but I can see the pressing need for better govt colleges as private education is becoming dearer and we don't want the burden of education loans. Since it is our first outing as voter, we are excited but also cautious about whom to vote for," shared.

Political outfits and the current dispensation are perhaps not dismissive of these demands. And PM Modi's repeated plea to first-time voters to vote in large numbers is backed by a flurry of schemes aimed to woo them.

UP's recent budget made provisions of Rs 24,863 crore for youth-centric schemes that promise establishment of colleges such as the National Institute of Fashion Technology (NIFT), ITIs and promotion of new-age skill development in artificial intelligence, machine learning, among others. Sops like distribution of tablets and smartphones have also been proposed to entreat these voters.

But realizing the significance of their votes, the young want their leaders to level up and offer something more concrete and tangible. Dubagga resident Nancy Gautam, 19, said, "I am preparing for govt exams but the trend of paper leaks is discouraging. Besides, vacancies and recruitment are few and far between. Eve-teasing and harassment further discourage girls of my age from stepping out after dark. But nobody seems to be interested in addressing these issues."

Psephologists too underscored need for political parties to come up with innovative and multi-pronged strategies to cater to the exceedingly diverse and precise needs of youth. While they caution against sweeping generalisation, they say demand for new blood in policy making is imminent.

Political sociologist Rajesh Misra said, "Youths are a curious and complex mix. Making lazy conclusions about their needs would be erroneous. There is a set of youth who take pride in endorsing their identity and brandishing politicised flags of their faith, but many feel the need for change. For example, leaders who are taking up their issues can aim for their attention in campaigns like Bharat Jodo Yatra."

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

दैनिक जागरण

# लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में 66 .7 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली, प्रेट्र: लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत 66.7 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो 2019 के चुनाव के आंकड़ों से कम है।

मौजूदा चुनाव के दोनों चरणों में पिछले आम चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखी गई है। दूसरे चरण में 66.7 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानित है। चुनाव आयोग ने अब तक औपचारिक रूप से मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी नहीं दी है। दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर हुआ था। 2019 में दूसरे चरण में 13 राज्यों के 95 सीटों पर मतदान 69.64 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

दैनिक जागरण

# 15 हजार मतदान कार्मिकों का कल से होगा प्रशिक्षण



चुनाव प्रक्रिया के बारे में बताते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार • जागरण

**जागरण संवाददाता • लखनऊ :** 20 मई को होने वाले चुनाव और मतगणना के लिए कार्मिकों को सोमवार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। केकेसी कालेज में हाईटेक स्मार्ट बोर्ड पर मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे।

ट्रेनिंग के लिए केकेसी कालेज के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर्स ट्रेनर्स को चुनाव प्रक्रिया के बारे में बताया। डीएम ने कहा निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक मतदान कर्मी पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह समझे और अपने कर्तव्य का शतप्रतिशत पालन करें। लखनऊ और मोहनालगंज लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए प्रशासन को 15 हजार कार्मिकों की जरूरत है। जिले में साढ़े तीन हजार से अधिक मतदेय स्थल हैं जहां पर करीब चालीस लाख वोटर मतदान करेंगे। चुनाव के लिए करीब 175 विभागों और कार्यालयों के 20 हजार कार्मिकों का ब्योरा जिला निर्वाचन कार्यालय के पास है।


**नामांकन साथ ही उड़नदस्ते अलर्ट :** कल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही शहर में आचार संहिता का पालन कराने के लिए उड़नस्ते सक्रिय हो गए हैं। उड़नस्तों में वीडियो सर्विलांस टीम, उड़न दस्ता टीम, वीडियो वीविंग टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, लेखा टीम और सहायक व्यय प्रेक्षकों की टीमें हैं। डीएम के मुताबिक चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहेंगी।

## हिन्दुस्तान

# पिछले दो चुनावों से इस बार मत प्रतिशत में कमी के आसार

■ मदन जैड़ा

**नई दिल्ली।** 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अब तक का सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तब यह आंकड़ा 67.4 फीसदी तक पहुंचा था। इसमें भी महिलाओं की हिस्सेदारी पुरुष मतदाताओं से ज्यादा थी, लेकिन इस बार पहले दो चरणों में सुस्त मतदान से इन आशंकाओं को बल मिल रहा है कि पिछले दो चुनावों की तुलना में इस बार मतदान घट सकता है। 2014 में भी 66.4 फीसदी मतदात हुआ था, जो अब तक का दूसरा बड़ा सर्वाधिक मतदान है। मतदान कम होने को लेकर राजनीतिक विशेषज्ञों द्वारा कई कयास लगाए जा रहे हैं। इसमें चुनाव को लेकर उत्साह की कमी के साथ ही गर्मी भी इसकी एक मुख्य वजह है। कई और कारण भी हैं। मतदान यदि सप्ताहांत पर होता है तो लोग सैर-सपाटे पर निकल जाते हैं। इसके अलावा नियमित रूप से मतदान सूचियों का अद्यतन नहीं होना भी कम मतदान का एक कारण हो सकता है।







**पिछले आम चुनाव में चरण दर चरण घटा मतदान :** इस बार पहले चरण में 62 और दूसरे चरण में करीब 61 फीसदी मतदान हुआ। यह आंकड़ा 2019 में क्रमशः 69 तथा 66 फीसदी के करीब था। तब के आंकड़े बताते हैं कि पहले चरण में सबसे ज्यादा 69 फीसदी मतदान हुआ था जो 19 मई को हुए सातवें चरण में घटकर 61 फीसदी रह गया था। हालांकि चुनाव आयोग और राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर मतदान को बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

**वर्ष 2019 में सर्वाधिक मतदान का रेकॉर्ड बना :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार पहली लोकसभा के चुनाव में 1952 में 61.2 फीसदी मतदान हुआ था, जो उस समय के हिसाब से अच्छा मतदान था। दूसरे चुनाव में यह 62.2 प्रतिशत हो गया। यदि 2014 से पहले के आंकड़ों को देखें तो सर्वाधिक मतदान 1984 में 63.6 फीसदी दर्ज किया गया था। यह चुनाव तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के कुछ ही समय के बाद हुआ था और इसमें कांग्रेस को भारी जीत भी मिली थी। इसका रेकॉर्ड 2014 में तब टूटा, जब मतदान 66.4 फीसदी हुआ था। तीन दशक के बाद केंद्र में कोई दल यानी भाजपा स्पष्ट बहुमत से जीतकर आई। फिर 2019 में फिर सर्वाधिक मतदान का रेकॉर्ड बना। भाजपा की सीटें इस चुनाव में और बढ़ गई थीं।

हिन्दुस्तान

# कन्नौज के हर पोलिंग बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

**13** सीटों पर वोट डाले जाएंगे चुनाव के चौथे चरण में

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में 138 उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये और 82 पर्चे खारिज कर दिये गये। इन 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए सोमवार 29 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी होगी। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को होगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 17 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें श्रीकृष्ण, अंकुर प्रताप सिंह, रामलखन, आनन्द कुमार, जरार खान, शिवांक, विजय कुमार, शोभित सिंह, सुनील कुमार, राजेश सिंह चौहान, राधारानी हैं। इस तरह से कन्नौज लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान में हर पोलिंग बूथ पर दो-दो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें लगायी जाएंगी। एक ईवीएम में 15 उम्मीदवार और एक नोटा का बटन होता है।

शाहजहांपुर (सु.) सीट के लिए 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 11 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज हुए।

हिन्दुस्तान

# पहले दो चरण की वोटिंग में सहारनपुर सबसे आगे

**65.95** फीसदी मतदान हुआ था सहारनपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में

**64.02** फीसदी मतदान के साथ अमरोहा शीर्ष पर रहा मतदान के दूसरे चरण में

**मेरठ, मुख्य संवाददाता।** लोकसभा के पहले और दूसरे चरण के चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश का सहारनपुर मतदान प्रतिशत में टॉप पर रहा है, जहां सबसे अधिक 65.95 फीसदी मतदान हुआ। वहीं दूसरे नंबर पर अमरोहा रहा, जहां दूसरे चरण में 64.02 फीसदी मतदान रिकार्ड हुआ। वैसे 2019 के मुकाबले सभी सीटों पर मतदान कम हुआ।

उत्तर प्रदेश में अब तक दो चरणों में आठ-आठ सीटों पर मतदान हो चुका है। 2019 में भी इसी तरह आठ-आठ सीटों का पहला और दूसरा चरण हुआ था। हालांकि 2019 और 2024 में सीटें अलग-अलग थी। इस बार 19 अप्रैल को पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान हुआ था, जिसमें सबसे अधिक मतदान सहारनपुर में 65.95 प्रतिशत रिकार्ड हुआ। सहारनपुर में यह मतदान प्रतिशत दोनों चरणों में सर्वाधिक रहा। जहां पहले चरण में सबसे अधिक मतदान सहारनपुर में हुआ था तो सबसे कम मतदान का रिकार्ड रामपुर में 54.71 फीसदी रिकार्ड हुआ।

दूसरे चरण में सबसे अधिक मतदान अमरोहा में 64.02 प्रतिशत रहा। वहीं, सबसे कम मतदान मथुरा में 49.29 प्रतिशत रहा। दूसरे चरण में मेरठ मंडल में सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड मेरठ लोकसभा सीट का रहा है, जहां 58.94 फीसदी वोट पड़े। हालांकि 2019 के चुनाव से यह कम है।

## मेरठ में करीब 41 फीसदी मतदाता विमुख रहे

मेरठ में करीब 41 फीसदी मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 20 लाख 530 मतदाताओं में से कुल 11 लाख 79 हजार 121 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। जिले में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत 61.88 प्रतिशत किठौर का रहा। सबसे कम मतदान प्रतिशत 55.78 प्रतिशत मेरठ कैंट का रहा। आठ लाख 21 हजार 409 मतदाता घर से मतदान करने नहीं निकले।

## अमर उजाला

# मतदान में गिरावट से कम हो सकता है हार-जीत का अंतर

चंद्रभान यादव

लखनऊ। दूसरे चरण में आठ लोकसभा क्षेत्र में हुए मतदान में 7.57 फीसदी की गिरावट हुई है। इसकी अलग- अलग वजह बताई जा रही हैं, लेकिन प्रमुख वजह कहीं तेज धूप और कहीं खेतों में चल रहा काम रहा तो ज्यादातर जगह मतदाताओं में उत्साह की कमी बताई जा रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि इसका फायदा-नुकसानसभी दलों को होगा। खास बात यह है कि इससे हार-जीत की खाई कम हो सकती है। हालांकि हर दल इसे लेकर बेचैन हैं कि कम मतदान का ऊंट किस करवट बैठेगा।

दूसरे चरण में मेरठ, बागपत, अमरोहा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव हुआ है। वर्ष 2014 में यहां औसत 69.46 फीसदी मतदान हुआ था। तब सभी आठ सीटों पर भाजपा का परचम लहराया था। बसपा और सपा अलग- अलग मैदान में थे। वर्ष 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ। मतदान 6.70 फीसदी की गिरावट से साथ 62.76 फीसदी रहा। बसपा को एक सीट मिली और चार सीट पर वह [illegible]रे स्थान पर रही। लेकिन अहम बात यह है कि इस चुनाव में भाजपा [illegible] कई सीटों पर हार-जीत के अंतर मे रिकॉर्ड कायम किया था। इस बार के चुनाव में 7.57 फीसदी की गिरावट हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि हार-जीत के अंतर में गिरावट आएगी। क्योंकि कई लोकसभा क्षेत्र में कांटे की टक्कर हुई है।

मतदान में शहरी ही नहीं ग्रामीण इलाके में भी पहले जैसा उत्साह नहीं देखा गया है। हालांकि, सियासी जानकारों का कहना है कि मतदान प्रतिशत के आधार पर दलगत स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो मथुरा में वर्ष 2014 की अपेक्षा 2019 में 1.03 फीसदी मतदान में गिरावट हुई, लेकिन भाजपा का वोट 7.55 फीसदी बढ़ गया। इसी तरह अलीगढ़ में मतदान 2.30 फीसदी बढ़ा और भाजपा को वोटबैंक 8.08 फीसदी बढ़ गया।

### कम मतदान को लेकर सभी दलों में है हलचल



गाजियाबाद में अपने मताधिकार का प्रयोग करते लोग। (फाइल फोटो)

### कम मतदान के अलग-अलग अर्थ

मतदान में गिरावट और बढ़ोतरी के अलग-अलग अर्थ होते हैं। हर सीट का गणित अलग है। इन आठ सीटों पर हार- जीत का अंतर अधिक रहा है। कम मतदान इस अंतर को कम कर सकता है। क्योंकि, मुस्लिम और दलित ज्यादा मतदान करते देखे गए हैं। दूसरी तरफ एक वजह मतदाताओं की निश्चिंतता भी रही है कि चुनाव जीत ही जाएंगे। तीसरी बात यह है कि प्रत्याशी से जुड़ाव कम होना और सरकार के प्रति गुस्सा होने पर भी मतदान कम होता रहा है।

**-प्रो अतरवीर सिंह,** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

मतदान कम होने की वजह गर्मी, फसल कटाई, उत्साह में कमी होना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शहरी इलाके के मतदाताओं के कम निकलने का सत्ता पक्ष को नुकसान हो सकता है। लेकिन जिन सीटों पर जीत का अंतर ज्यादा है, वह कम होगा।

**-प्रो. रतनलाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### लोकसभा चुनाव 2014

| सीट | भाजपा | सपा | बसपा | कुल मतदान |
|---|---|---|---|---|
| अमरोहा | 48.26 | 33 | 14 | 70.79 |
| मेरठ | 47.86 | 19.01 | 27 | 63.12 |
| अलीगढ़ | 48.34 | 21.25 | 21.46 | 59.38 |
| बागपत | 42.15 | 21.26 | 14.11 | 66.75 |
| बुलंदशहर | 59.83 | 12.74 | 18.06 | 58.18 |
| गौतमबुद्धनगर | 50 | 26.64 | 16.53 | 60.39 |
| गाजियाबाद | 56.51 | 7.97 | 12.89 | 56.94 |
| मथुरा | 53.29 | 3.40 | 16 | 64.10 |

### लोकसभा चुनाव 2019

| सीट | भाजपा | सपा | बसपा | कुल मतदान |
|---|---|---|---|---|
| अमरोहा | 46 | - | 51.41 | 71.05 |
| मेरठ | 48.19 | - | 47.80 | 64.29 |
| अलीगढ़ | 56.42 | - | 36.71 | 61.68 |
| बागपत | 50.32 | 48.07 (रालोद) | - | 64.68 |
| बुलंदशहर | 60.64 | - | 34.82 | 62.92 |
| गौतमबुद्धनगर | 56.64 | - | 35.46 | 60.49 |
| गाजियाबाद | 61.93 | 29.06 | - | 55.89 |
| मथुरा | 60.84 | 34.26 (रालोद) | - | 63.07 |

नोट : 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा में गठबंधन था।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## अमर उजाला

# 21,49,679 लोगों को अब तक किया जा चुका है पाबंद

**लखनऊ।** प्रदेश में चुनाव को लेकर हुई जांच में 26 अप्रैल तक 325.70 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की जा चुकी है। इसमें 31.93 करोड़ नकद, 44.81 करोड़ की शराब, 215.77 करोड़ की ड्रग आदि शामिल हैं। शुक्रवार को 52.09 लाख की शराब और 34.66 लाख की ड्रग जब्त की गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इसी अवधि में अपराधी छवि वाले व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। वहीं शांति भंग की आशंका में निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबंद करने के नोटिस भेजे गए हैं। इनमें से 21,49,679 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। ब्यूरो

www.auriopharma.com
गैस, एसिडिटी, बदहजमी
और पेट भारी के लिए

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## नवभारत टाइम्स

### ऐसे कर सकते हैं वोटिंग

ईवीएम से मतदान बेहद आसान है। मतदान कक्ष में प्रवेश करते ही मतदान अधिकारी बैलट यूनिट चालू करता है। रेडी लाइट जलने लगती है। इसके बाद आप बैलट यूनिट पर अपनी पसंद के प्रत्याशी और चुनाव निशान के सामने नीला बटन दबाएं। ऐसा करते ही लाल बत्ती जल उठेगी। फिर बाद वीवीपैट से चुने गए प्रत्याशी का नाम, चुनाव निशान की पर्ची निकल आएगी। कंट्रोल यूनिट से बीप की आवाज का मतलब है कि वोट सफलतापूर्वक पड़ गया है।

**-अभय किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी**

### केकेसी में कल से ट्रेनिंग

**एनबीटी सं, लखनऊः** चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की ट्रेनिंग के लिए केकेसी डिग्री कॉलेज में हाईटेक सेंटर बनाया है। कॉलेज के 40 कमरों में शनिवार को स्मार्ट बोर्ड भी इंस्टॉल करवा दिए गए। यहां 29 अप्रैल से कर्मचारियों की ट्रेनिंग होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने भी शनिवार को यहां तैयारी का जायजा लिया।

### CDO ने दी वोटर आईडी



अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में सीडीओ अजय जैन ने नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड बांटते हुए मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्राचार्य डॉ.सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का आह्वान किया।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

पायनियर

# मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग कल से



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाईटेक** ट्रेनिंग सेंटर में मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग के लिए बनाया गया। केकेसी के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए। 29 अप्रैल से मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग शुरू होगी।

शनिवार को जिला प्रशासन की अनूठी पहल केकेसी डिग्री कालेज में हाईटेक ट्रेनिंग सेंटर में मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग के लिए बनाया गया। स्मार्ट बोर्ड्स पर मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को ट्रेनिंग देंगे। केकेसी के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए। 29 अप्रैल से मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग शुरू होगी। 29 अप्रैल से शुरू हो रही ट्रेनिंग के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया।

## मतदान के लिए प्रबुद्ध व्यक्तियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजाजीपुरम** में मार्डन स्कूल में पैरेंट्स, टीचर और प्रबुद्ध व्यक्तियों को जागरूक किया गया। आगामी 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा रूप से प्रतिभाग कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में मॉडर्न इंडिया स्कूल राजाजीपुरम में पेरेंट्स टीचर एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों के उपस्थिति में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया, जिसमें बच्चों के अभिभावकों से अपील की।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## पायनियर

# प्रवर्तन एजेंसियों ने बड़ी मात्रा में बरामद किया अवैध शराब व नकदी

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार सॅहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 26 अप्रैल, 2024 तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।26 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद गाज़ीपुर की गाज़ीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.57 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2150 लीटर शराब पकड़ी गयी।

## 4683 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार सॅहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 149 केन्द्रों को सीज किया गया।26 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 6 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

## लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में हुई कार्रवाई

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,23,79,564 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 75,58,114 तथा निजी स्थानों से 48,21,450 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,29,489, पोस्टर के 34,93,158, बैनर के 21,27,833 एवं अन्य 11,07,634 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,55,217, पोस्टर के 22,19,045 बैनर के 11,93,115 एवं अन्य 7,54,073 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 100 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 106 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## पायनियर

# प्रत्याशियों के खर्च पर सात सदस्यीय टीम रखेगी नजर

### व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के खर्चों पर नजर रखी जायेगी। खर्चों पर नजर रखने के लिए अलग से टीम का गठन किया गया। व्यय प्रेक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट में बैठक कर सात सदस्यीय टीम खर्च पर नजर बनाए रखेगी।


शनिवार को कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने अधिकारियों के साथ बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने चुनाव से संबंधित अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सात सदस्यीय टीम खर्च पर नजर रखने के लिए बनाई है। इसमें जीएसटी, आबकारी और आयकर विभाग से एक एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है। इनके अलावा लीड बैंक मैनेजर को भी नोडल बनाया गया है। उनके अधीन लखनऊ और मोहनलालगंज के लिए तैनात किए गए सहायक व्यय प्रेक्षक कार्य करेंगे। साथ ही नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट भी देंगे। नामांकन के बाद प्रत्याशियों की सक्रियता शुरू हो जाएगी। ऐसे में यह टीम इस बात पर नजर रखेगी कि कोई प्रत्याशी कहीं तय सीमा से अधिक खर्च तो नहीं कर रहा हैए या कोई चुनावी खर्च छिपा तो नहीं रहा।

कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर चुनाव प्रेक्षकों के लिए विशेष कक्ष बनाया गया है। शनिवार को इस कक्ष में मेज कुर्सी, सोफा समेत अन्य फर्नीचर व्यवस्थित ढंग से लगाने का कार्य पूरा हो गया। चुनाव के दौरान प्रेक्षक यहीं से मुख्य गतिविधियां संचालित करेंगे। सूचना विभाग ने चुनाव से संबंधित शिकायतों की जानकारी देने के लिए एक मोबाइल नम्बर 7839011886 जारी किया है।

## राष्ट्रीय सहारा

# स्मार्ट बोर्ड से मिलेगी मतदान कार्मिकों को हाईटेक ट्रेनिंग

लखनऊ (एसएनबी)। राजधानी में चुनाव 20 मई को हैं और इसमें मतदान कराने के लिए मतदान कार्मिकों को इस बार हाईटेक ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था की गयी है, जिसके जरिये मतदान कार्मिकों को हाईटेक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसे लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट भवन स्थित एनआईसी रूम में जिलाधिकारी ने आला अधिकारियों के साथ स्मार्ट बोर्ड का प्रजेण्डेशन दिया। उन्होंने स्मार्ट बोर्ड पर प्रजेण्टेशन देते हुए चुनाव की गुत्थी सुलझायी।



स्मार्ट बोड्र्स पर मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनिंग देंगे। इसके लिए स्मार्ट बोर्ड की बारीकियों से रूबरू कराया गया। बतादें कि केकेसी के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाये गये हैं। 29 अप्रैल से मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर डीएम ने ट्रेनिंग के मद्देनजर ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# लोस चुनाव : सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**सरोजनीनगर-लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा के चौथे व पांचवे चरण में राजधानी के आसपास के जिलों में मतदान होना है। इसको लेकर एयरपोर्ट पर यात्रियों व नेताओं के आने-जाने की संख्या बढ़ जाएगी। एयरपोर्ट प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है। उधर सुरक्षा व जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो चुकी है। शनिवार को यहां पहुंची सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने कई वाहनों की चेकिंग की और उन्हें हिदायत भी दी।

**चौथे व पांचवें चरण में राजधानी व आसपास के जिलों में होगा मतदान**

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजधानी की सीमा से जुड़े उन्नाव सहित कई जनपदों में मतदान होना है। राजधानी के आसपास के जनपदों में मतदान की तिथियां करीब आने पर यहां क्षेत्रीय नेताओं के साथ ही स्टार प्रचारको की भी संख्या बढ़ेगी। इस दौरान कुछ नेता व स्टार प्रचार नियमित उड़ानों से आएगे तो कुछ चार्टर्ड विमानों से राजधानी पहुंचेगें। इसको लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने विमानों को खड़े करने के लिए पार्किंग के साथ ही जांच एजेसिंया भी सक्रिय हो गई है।



एफएसटी तथा एसएसटी टीमों ने शनिवार को एयरपोर्ट आने-जाने वालों पर नजर रखी और कुछ चार पहिया वाहनों को रोककर जांच-पड़ताल करने के साथ ही वाहन चालको से पूछतांछ की। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट के बाहर एफएसटी तथा एसएसटी टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों के सहयोग के लिए स्थानीय पुलिस को भी लगाया गया है। शनिवार को चले सघन जांच अभियान के दौरान किसी भी वाहन चालक के पास कोई संदिग्ध सामान नही मिला। एसएसटी की टीम वाहनों में चुनाव प्रभावित करने वाली संदिग्ध वस्तुओं की जांच-पड़ताल की।

**दो दर्जन चार्टर्ड विमानों की पार्किंग की रहेगी व्यवस्था :** एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो एयरपोर्ट प्रशासन ने चुनाव के मद्देनजर नेताओं एवं स्टार प्रचारकों के चार्टर्ड विमानों की पार्किंग को लेकर तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि एयरपोर्ट यहां दो दर्जन हेलीकॉप्टर व चार्टर्ड विमानें की पार्किंग तैयार करने में जुटी है।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 28 अप्रैल, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# 55 हजार मतदाताओं को उपलब्ध कराए निर्वाचन कार्ड

लखनऊ (एसएनबी)। लोस चुनाव को लेकर जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है। चुनाव आयोग व प्रशासन अपनी तैयारियों को समय से पहले पूरी करने की कवायद में पूरी तरह से जटा हुआ है। किसी भी चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिये निर्वाचन कार्ड का होना बेहत जरूरी हो जाता है। जिसको लेकर आयोग ने ससमय मतदाताओं को निर्वाचन उपलब्ध कराने के लिये उन्हे जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला निर्वाचन सहायक अभय किशोर ने बताया कि जिन मतदाताओं ने 25 अक्टूबर से 14 जनवरी 2024 तक निर्वाचन कार्ड के लिये आवेदन किया है। उन सभी के निर्वाचन कार्ड को आयोग के द्वारा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब तक जिले के 55 हजार मतदाताओं के निर्वाचन कार्ड दिये गये है।

**जिले में 39 लाख 70 हजार से अधिक हैं मतदाता**

उन्होने बताया कि जिले में 39 लाख 70 हजार से अधिक मतदाता है। वर्तमान में मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया की तिथि खत्म हो गयी है। लिहाजा 14 जनवरी तक जिन मतदाताओं ने निर्वाचन कार्ड के लिये आवेदन किया था। उन्हे कार्ड वितरित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्यक्रम 23 अप्रैल तक चलाया गया। जिसमें युवा मतदाताओं ने काफी रूचि दिखयी है। वही लगातार पर्ची बांटने का काम बूथ स्तर पर लगातार किया गया। उन्होने बताया इस लोस चुनाव में मतदान करने के लिये निर्वाचन आयोग ने आईडी के रूप में 12 विकल्प जारी किया है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक व डाकघर से फोटो के साथ पासबुक आदि शामिल है। वही उन्होने बताया कि जिन पुराने मतदाताओं का निर्वाचन कार्ड नही बन पाया है वह लोग फार्म-8 को भरकर आवेदन कर सकते है।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चला :** जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों संचालित हुयी। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मॉडर्न इंडिया स्कूल राजाजीपुरम में पेरेंट्स टीचर व प्रबुद्ध व्यक्तियों के उपस्थिति में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन हुआ। वहीं अयोध्या रोड स्थित नगर निगम डिग्री कॉलेज परिसर में सीडीओ अजय जैन ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री जैन महाविद्यालय के नवीन मतदाताओं के मतदाता कार्ड वितरित करते हुए समस्त छात्र/छात्राओं का आह्वान किया कि 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में अपने घर, मोहल्ले एवं आस-पास के सभी मतदाताओं को हर सम्भव जागरूक करने का प्रयास करें। जिससे मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाया गयी।

**एनडीआरएफ टीम ने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण :** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, कलेक्ट्रेट, ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, सभागार में आपदा प्रबंधन व हीटवेव पर समदाय आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज परिसर की प्राचार्यो, अध्यापिकाओं तथा छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने व समुदाय को जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में एनडीआरएफ के प्रशिक्षित दल ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही छात्राओं के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए आपदा से बचाव के उपायों को सिखाया गया, जिसमें मुख्यतः वर्तमान में चल रही हीटवेव व बाढ़, अग्निकांड, सर्पदंश, डूबने की घटनाएं, आकाशीय विद्युत, भूकम्प, अतिवृष्टि आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला प्रशासन, के द्वारा विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदाओं एवं भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा घोषित आपदाओं में हुए प्रभावित / मृत व्यक्तियों के आश्रितों को नियमानसार / शासनादेश के अनसार प्रदान की जाने वाली आर्थिक व सहायता धनराशि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया व जनपद स्तर पर संचालित इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर / कन्ट्रोल रूम में संचालित टोल फ्री नम्बर-1077, 0522-2615195 के बारे में बताया गया।

**मतदान के प्रति किया जागरुक :** लखनऊ में न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया।

## आज

# नामांकन को लेकर यातायात चुस्त, रहेगा मार्गों पर डायवर्जन

लखनऊ। सोमवार को होने वाले राजनाथ सिंह के नामांकन को लेकर सुबह सात बजे से एक बजे के बीच लोगो को परेशानी न हो इसको लेकर मार्गो का डायवर्जन किया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के मुताबिक उनतीस अप्रैल को समय सात बजे से एक बजे के मध्य राजनाथ सिंह रक्षामंत्री भारत सरकार का 5 ए कालीदास मार्ग से बीजेपी कार्यालय हजरतगंज तक एवं बीजेपी कार्यालय हजरतगंज से डीएम कार्यालय नामांकन तक प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन जुलसू निकाले जाने के कारण भारी भीड़ होने की संभावना है इसको लेकर मार्ग का डायवर्जन क़िया गया है। चारबाग की तरफ से बड़ी गाड़ियां या बसे केलेसी से होकर कैंटोनमेंट की तरफ चली जाएगी ।वही बापू चौराहे से कोई भी वाहन अटल चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि वह सिसेंडी होते हुए डीएसओ चौराहे की तरफ जा सकेगा अथवा लालबाग से होकर जा सकेगा । इसके अलावा हजरतगजं अटल चौराहे से भी कोई भी वाहन बापू चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगा । वही डालीगंज पुल तिराहा से कोई भी सामान्य वाहन सीडीआरआई तिराहे से स्वास्थ्य भवन चौराहे की तरफ नहीं आ सकेगा बल्कि वह डालीगंज पुल क्रॉस करके इक्का तागा नदवा बंधे से होकर गन्तव्य को जा सकेंगें ।वही सिकंदराबाद चौराहे से सामान्य यातायात अटल चौराहे हजरतगंज की तरफ नहीं आ सकेगा बल्कि वह राणा प्रताप मार्ग से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा ।वही बसे 1090 से चिरैया झील की तरफ से होकर कैसरबाग बस अड्डे की तरफ नहीं जा सकेंगे बल्कि उनको बंदरिया बाग से कैंटोनमेंट होते हुए अपने गंतव्य को जाना पड़ेगा । सुभाष परिवर्तन चौराहे से सामान्य यातायात के 0 डी 0 सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए हजरतगंज की तरफ नही जा सकेगा बल्कि यह वाहन एस 0 बी 0 आई 0 कट से हनुमन सेतु / चिरैयाझील चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे इसके अलावा सीएमओ कार्यलय चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग बस अड्डा चौराहा , अशोकलाट चौराहा अथवा रेंजीडेन्सी तिराहा , डालीगंज चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगें ।वही सफेद बारादरी से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहे की तरफ नही जा सकेंगा बल्कि यह यातायात अशोकलाट चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगा ।